प्रादेषिक समाचार
दिनांक–29.05.2024 (दोपहर–1455 बजे)

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए संताल परगना की तीन सीटों पर चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए राजनीतिक पार्टियों के स्टार प्रचारकों की चुनावी सभा लगातार जारी है। इसी के तहत आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दुमका के सारठ में प्रचार करने पहुंचे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में वोट देने की अपील की। वहीं एनडीए की ओर से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी संताल में कई जनसभा करेंगे। इधर इंडी गठबंधन की ओर से जेएमएम की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन भी संताल के विभिन्न क्षेत्रों में सभाएं कर रही हैं। वे अभी गोड्डा में कांग्रेस के प्रदीप यादव के लिए प्रचार कर रही हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी कल दुमका में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे।

''''''''''''''''

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में महिला मतदाताओं की संख्या पुरूष मतदाताओं की तुलना में तीन प्रतिशत अधिक दर्ज हुई है। निर्वाचन आयोग ने कल इसकी जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार 64 दशमलव नौ पांच प्रतिशत पात्र महिला मतदाताओं ने 61 दशमलव नौ पांच प्रतिशत पात्र पुरूष मतदाताओं की तुलना में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके अलावा थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या 18 दशमलव छह सात प्रतिशत दर्ज की गई।

''''''''''''''''

जमीन रजिस्ट्री करने में भारी अनियमितता की षिकायत के बाद अपर समाहर्ता संतोष कुमार ने हजारीबाग रजिस्ट्री ऑफिस का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण करने के बाद अपर समाहर्ता संतोष कुमार ने बताया कि पूरी जांच रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपी जाएगी।. उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

''''''''''''''''

गिरिडीह के युवा सर्जन डॉ अमित गौड़ का देर रात हैदराबाद में इलाज के दौरान निधन हो गया। डॉक्टर गौड़ पेंक्रियाज की बीमारी से पीड़ित थे। सर्जन डॉ अमित गौड़ ने गिरिडीह में एक बड़े आधुनिक अस्पताल का निर्माण कराया था। उनके निधन पर गिरिडीह जिले के सभी राजनीतिक दलों के नेताओ, चिकित्सको और समाज सेवियों ने शोक व्यक्त किया है।

''''''''''''''''

हॉकी की नर्सरी के नाम से प्रचलित सिमडेगा जिले का कुरकुरा गांव अब हॉकी के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता –

''''''''''''''''

सरायकेला–खरसावां जिले के चांडिल थाना क्षेत्र के रसुनिया गांव में एकवृद्ध महिला की हत्या कर दी गई है। घटना मंगलवार देर रात की है।थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है । मृतका की बेटी संदेह के घेरे में है।

''''''''''''''''

चाईबासा के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत हवाई अड्डा के पास सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवती से सामूहिक दुष्कर्म मामले में पांच दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनायी गयी है। साथ ही इन लोगों पर 10–10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि 20 अक्टूबर, 2022 की शाम 10 लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया था।

''''''''''''''''

चतरा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी रमेश घोलप ने आज वेयर हाउस जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी का भी निरीक्षण किया। चतरा लोक सभा सीट पर चुनाव के बाद सभी ईवीएम मशीनों को चतरा कॉलेज स्थित बनाए गए वज्र गृह में रखा गया है। वज्र गृह की सुरक्षा के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

''''''''''''''''

राजधानी रांची के मैकलुस्कीगंज में नक्सलियों ने कल देर रात कंटेनर में आग लगा दी, जिससे कंटेनर जलकर राख हो गया। साथ ही उसमें सो रहा एक व्यक्ति भी जिंदा झुलस कर मौत हो गई।

''''''''''''''''

भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने टी 20 विश्व कप से पहले यहां आज अपना मैदानी सत्र आयोजित किया। भारत का विश्व कप अभियान पांच जून को न्यूयॉर्क में ग्रुप ए के प्रतिद्वंद्वी आयरलैंड के खिलाफ मैच से शुरू होगा। भारतीय टीम नौ जून को बहु प्रतीक्षित मुकाबले में पाकिस्तान से भिड़ेगी। भारत का 12 जून को अमेरिका से मुकाबला होगा। भारतीय टीम फिर फ्लोरिडा जायेगी जहां वह 15 जून को कनाडा से भिड़ेगी।

'''''''समाप्त''''''''